| क्र०सं० | विवरण |
|---|---|
| 26. | डबरा सन्देश, साप्ताहिक के विरुद्ध सुश्री वृन्दा सहाय, प्रधानाचार्या, शासकीय विद्यालय (डबरा), ग्वालियर की शिकायत । |
| 27. | इंडियन एक्सप्रेस, नई दिल्ली के विरुद्ध श्री एस० एम० खां, सूचना अधिकारी, सी० बी० आई० नई दिल्ली । |
| 28. | बुधवार, गुवाहाटी के विरुद्ध असम सरकार, गृह (बी) विभाग, गुवाहाटी की शिकायत । |
| 29. | लंगोटी स्वर, हिन्दी साप्ताहिक (म० प्र०) के विरुद्ध पेटलावद के डॉ० पुष्पेन्द्र शर्मा की शिकायत । |
| 30. | पुलिस, तमिल साप्ताहिक, मद्रास के विरुद्ध उप निदेशक, अंतर्राष्ट्रिय योग शिक्षा केन्द्र, कोट्टाकुप्पम की शिकायत । |
| 31. | मुन्नार न्यूज (केरल) के विरुद्ध द हाई रेंज स्कूल, मुन्नार के मुख्याध्यापक की शिकायत । |
| 32. | लंकेश पत्रिका, बंगलौर के विरुद्ध सचिव, साक्षार्थ संग्राम समिति, रायचूर की शिकायत । |
| 33. | केनरा टाइम्स, मंगलोर के विरुद्ध सचिव, भाल्कल जमातुल मुस्लिमीन, बंगलौर की शिकायत । |
| 34. | आशुतोष, हिंदी साप्ताहिक, भोपाल के विरुद्ध श्री जी० सी० आर्य, नई दिल्ली की शिकायत । |
| 35. | अजीमाबाद एक्सप्रेस, पटना के विरुद्ध डॉ० बेदार, निदेशक, खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना की शिकायत । |

**Upgradation of TV and Air Station in Orissa**

4485. SHRI RAHAS BIHARI BARIK : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Government propose to upgrade the T.V. and All India Radio stations set up in the backward areas of the country ;

(b) if so, details of such Doordarshan Kendras and All India Radio Stations in Orissa ;

(c) whether T.V. relay centre and All India Radio stations set up at Keonjhargarh in that State are proposed to be upgraded during the Eighth Five Year Plan ; and

(d) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Yes, Sir.

(b) The TV transmitter at Sambalpur is being considered for upgradation from 1 KW to 10 KW. The All India Radio's 20 KW MW transmitter at Sambalpur is being upgraded to 100 KW MW transmitter.

(c) No Sir.

(d) Does not arise.

**उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदर्शन प्रसारण**

4486. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कुल कितने दूरदर्शन और रिले केन्द्र हैं;

(ख) उत्तर प्रदेश में उन क्षेत्रों के नाम क्या हैं जहां दूरदर्शन नहीं पहुंच पाता है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में और अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदर्शन प्रसारण का विस्तार करने के लिए और नए दूरदर्शन केन्द्रों/रिले केन्द्रों को स्थापित करने की क्या योजना है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव)** : (क) महोदय, 65 टी० वी० ट्रांसमीटर ।

(ख) जहां दूरदर्शन की उपग्रह प्रदत्त सेवा संपूर्ण देश में उपलब्ध है, वहीं उत्तर प्रदेश के सभी जिलों को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से स्थलीय ट्रांसमिशन उपलब्ध है, जिससे राज्य की 92.4% जनसंख्या तथा 79% क्षेत्र को कवरेज उपलब्ध हो रही है ।

(ग) राज्य में भिन्न भिन्न शक्तियों के 41 और टी० वी० ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित हैं । इन ट्रांसमीटरों के शुरु होने पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों सहित 44.5% जनसंख्या तथा 82.8% क्षेत्र तक कवरेज बढ़ जाने की आशा है ।

**बांका (बिहार) में दूरदर्शन केन्द्र का स्थापित किया जाना**

4487. **श्री जनार्दन यादव** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बांका (बिहार) में एक दूरदर्शन केन्द्र खोलने की स्वीकृति मिली थी; और